>

Title: Need to impress upon the Government of Rajasthan to expedite mutation of land allotted for educational needs of girls in Alwar district of Rajasthan.

**श्री भरत राम मेघवाल (श्रीगंगानगर):** आज देश में केन्द्र सरकार व राज्य सरकारें महिला सशक्तीकरण के लिए प्रयासरत है । देश में लिंगानुपात को सार्थक बनाने के लिए तथा बालिका शिक्षार्थ नई-नई योजनाएं बनाई जा रही है । माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान ने अपने बजट भाषण 2013-14 में बालिका शिक्षा का विशेष ख्याल रखा है । मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं । इसके साथ-साथ आग्रह भी करना चाहता हूं कि प्रशासन विशेषकर तहसील स्तर पर फेल होती योजनाओं की ओर भी ध्यान दिया जाना आवश्यक है ।

राजस्थान के अलवर जिले में बालिका शिक्षा का प्रतिशत पूरे देश व राज्य में निम्नतम स्थान पर है। राजस्थान सरकार ने बालिका शिक्षा का विकास करने के भरसक प्रयास किए हैं परंतु थानागाजी तहसील प्रशासन इसका अपवाद है । राजस्थान सरकार ने ग्राम हींसला में 24.4.2003 को एक सामाजिक संस्था के नाम बालिका शिक्षार्थ तीन बीघा भूमि का निशुल्क आवंटन किया था परंतु खेद है कि जन कल्याणकारी सरकार होते हुए भी तहसील प्रशासन द्वारा आवंटित भूखंड को आज तक राजस्व रिकार्ड में दर्ज नहीं किया गया । उक्त भूखण्ड की जमाबंदी की प्रति जारी किए जाने हेतु पिछले तीन वर्षों में मैं हर स्तर पर प्रयास व पत्राचार कर चुका हूं ।

मैं केन्द्र सरकार व राजस्थान सरकार से विनम्र आग्रह करता हूं कि निचले स्तर पर प्रशासन को जवाबदेह बनाया जाए तथा इस समस्त प्रकरण की जांच की जाए।